TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

18 नवंबर 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जिज्ञासा ज्ञान से अधिक महत्वपूर्ण है।

अल्बर्ट आइंस्टाइन



राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

17 नवंबर

मधु प्रिया

## रास्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस 18 नवम्बर




प्रकृति सर्वशक्तिमान है। मानव शरीर प्रकृति के पंचतत्वों से निर्मित है। मिट्टी, पानी, धूप, हवा और आकाश जैसे तत्वों से शरीर की सफाई व मरम्मत करना उचित है। प्राकृतिक चिकित्सा स्वस्थ जीवन बिताने की एक कला एवं विज्ञान है। यह ठोस सिद्धान्तों पर आधारित बिना दुष्प्रभाव के रोग निवारण पद्धति है। स्वास्थ्य, रोग तथा चिकित्सा सिद्धान्तों के संबंध में प्राकृतिक चिकित्सा के विचार अत्यंत मौलिक है।भारत में वर्ष 2018 से हर वर्ष 18 नवंबर को प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। इसी दिन महात्मा गांधी नेचर क्योर फाउंडेशन ट्रस्ट के आजीवन सदस्य बने और विलेख पर हस्ताक्षर किए थे। गांधी जी को भारत में प्राकृतिक चिकित्सा का संस्थापक व्यक्ति माना जाता है, क्योंकि उनके प्रयासों से ही यह उपचार प्रणाली भारत में लोकप्रिय हुई। प्राकृतिक चिकित्सा शरीर का सम्पूर्ण रूप से उपचार करती है। प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार, "केवल भोजन ही चिकित्सा है", कोई बाहरी दवाओं का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। स्वयं के आध्यात्मिक विश्वास के अनुसार प्रार्थना करना उपचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गांधी जी को भारत में प्राकृतिक चिकित्सा का संस्थापक व्यक्ति माना जाता है, क्योंकि उनके प्रयासों से ही यह उपचार प्रणाली भारत में लोकप्रिय हुई। 18 नवंबर 1945 को, महात्मा गांधी ऑल इंडिया नेचर क्योर फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष बने और सभी वर्गों के लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समझौते पर हस्ताक्षर किए, इसलिए, इस दिन को राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के रूप में मनाने के लिए चुना गया।इस पद्धति में अनेक पद्धतियां हैं जैसे - जल चिकित्सा, होमियोपैथी, सूर्य चिकित्सा, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, मृदा चिकित्सा आदि।

# जयंती विशेष 18 नवंबर



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी व महान क्रांतिकारी

## वीर बटुकेश्वर दत्त जी

की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन।

**बटुकेश्वर दत्त** *Batukeshwar Dutt*, जन्म- 18 नवम्बर, 1910; मृत्यु- 20 जुलाई, 1965) भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक थे। देश ने सबसे पहले 8 अप्रैल, 1929 को उन्हें उस समय जाना, जब वे भगतसिंह के साथ केंद्रीय विधान सभा में बम विस्फोट के बाद गिरफ्तार किए गए। उन्होंने आगरा में स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित करने में उल्लेखनीय कार्य किया था। सन 1924 में कानपुर में बटुकेश्वर दत्त की भगतसिंह से भेंट हुई थी। इसके बाद उन्होंने 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' के लिए कानपुर में कार्य करना प्रारंभ किया और इसी क्रम में बम बनाना भी सीखा।

 राकेश कुमार


# MATH TLM

90 Class-6to8

## आयत (Rectangle)

### क्षेत्रफल (Area)

- आयत का क्षेत्रफल= ल॰ × चौ॰




जैसे:- एक आयत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसकी लंबाई 10 सेंटीमीटर और चौड़ाई 8 सेंटीमीटर हो।

हल - आयत का क्षेत्रफल = 10 × 8

= 80 वर्ग सेमी.


Anu Priya, Science Teacher



# भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा सिक्स

| प्लेयर | मैच | सिक्स |
|---|---|---|
| ऋषभ पंत | 48 | 92 |
| वीरेंद्र सहवाग | 103 | 90 |
| रोहित शर्मा | 67 | 88 |
| रवींद्र जडेजा | 88 | 80 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 18.11.2025

## बौद्धिक विकास

बौद्धिक विकास का मतलब है किसी व्यक्ति की सोचने, तर्क करने, समझने और समस्याओं को हल करने की क्षमता का विकास। यह एक आजीवन प्रक्रिया है जो अनुभव और सीखने के माध्यम से होती है, जिसमें ध्यान, धारणा, स्मृति और भाषा जैसे कौशल शामिल होते हैं। यह संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास भी कहलाता है और इसका उद्देश्य दुनिया को समझने के लिए ज्ञान और सोच को व्यवस्थित करना है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भारत की क्यू खिलाड़ी **अनुपमा रामचंद्रन** (Anupma Ramchandran) ने **आईबीएसएफ विश्व स्नूकर** का खिताब जीतकर **इतिहास** रच दिया। 23 वर्षीय अनुपमा ने **हांगकांग** की एनजी ऑन यी को 3-2 से हराया।

# पद्य पंकज

"

आस्था वह पक्षी है,
जो भोर के अंधेरे में भी
उजाले को महसूस करता है।

**रविन्द्र नाथ टैगोर**

Madhu priya


स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका
निभाने वाले महान क्रांतिकारी
बटुकेश्वर दत्त
की जयंती पर सादर नमन।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जन्म- 18 नवंबर 1910 - मृत्यु- 20 जुलाई 1965
www. teachersofbihar.org
Madhu priya


18 नवंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


18 नवंबर
विश्व वयस्क दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya